**अनुक्रमांक/ROLL NO** **सेट/SET: 1**

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | |

# केंद्रीय विद्यालय संगठन ,जयपुर संभाग

**KENDRIYA VIDYALAYA SANGATHAN, JAIPUR REGION**

**अभ्यास परीक्षा/PRACTICE EXAMINATION :2024-25**

**कक्षा/CLASS: दसवीं/10th**

**विषय /SUB: हिंदी/HINDI (कोड/CODE: 002)**

**अधिकतम अवधि/Time Allowed: 3 Hours** **अधिकतम अंक/Maximum Marks: 80**

**सामान्य निर्देश / General Instructions:**

निम्नलिखित निर्देशों को बहुत सावधानी से पढ़िए और उनका अनुपालन कीजिए:

- इस प्रश्न पत्र में कुल 15 प्रश्न हैं । सभी प्रश्न अनिवार्य है ।
- इस प्रश्न पत्र में कुल चार खंड हैं- क, ख, ग, घ ।
- खंड-क में कुल 2 प्रश्न हैं जिसमें उप प्रश्नों की संख्या 10 है।
- खंड-ख में कुल 4 प्रश्न हैं, जिनमें उप प्रश्नों की संख्या 20 है। दिए गए निर्देशों का पालन करते हुए 16 प्रश्नों के उत्तर देना अनिवार्य है।
- खंड-ग में कुल 5 प्रश्न हैं जिनमें उप प्रश्नों की संख्या 20 है ।
- खंड-घ में कुल चार प्रश्न हैं सभी प्रश्नों के साथ उनके विकल्प भी दिए गए हैं ।
- प्रश्नों के उत्तर दिए गए निर्देशों का पालन करते हुए लिखिए ।

| प्रश्न संख्या | खंड - क<br>(अपठित बोध ) | अंक (14) |
|---|---|---|
| 1 | **निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर उस पर आधारित पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए।** | 7 |
| | दुनिया शायद अभी तक के सबसे बड़े संकट से जूझ रही है। वर्तमान समय की इस महामारी ने हर किसी के जीवन में हलचल मचा दी है। इस महामारी ने जीवन की सहजता को पूरी तरह से बाधित कर दिया है। भारत में इतनी अधिक आबादी है कि इसमें किसी नियम-कायदे को पूरी तरह से अमल में लाना अपने आप में एक बड़ी चुनौती है। इस महामारी के संक्रमण को रोकने के उद्देश्य से पूर्णबंदी लागू की गई और इसे कमोबेश कामयाबी के साथ अमल में भी लाया गया। परंतु यह भी सच है कि जिस महामारी से हम जूझ रहे हैं, उससे लड़ने में मुख्य रूप से हमारे शरीर की प्रतिरोधक क्षमता की बड़ी भूमिका है, लेकिन सबसे बड़ी चिंता बच्चों और बुजुर्गों की होती है। | |

| | | |
|---|---|---|
| | इस मामले में अधिकतर नागरिकों ने जागरूकता और सहजबोध की वजह से अनेक सावधानियां बरती है, लेकिन इसके समानांतर अन्य कई समस्याएँ खड़ी हुई हैं। जैसे, आर्थिक गतिविधियाँ जिस प्रकार बुरी तरह प्रभावित हुई हैं, उसने बहुत सारे लोगों के सामने संकट और ऊहापोह की स्थिति उत्पन्न कर दी है। एक तरफ नौकरी और उसकी तनख्वाह पर निर्भर लोगों की लाचारी यह है कि जहाँ उन्हें यह आश्वासन दिया गया था कि उन्हें नौकरी से नहीं निकाला जाएगा, वेतन नहीं रोका जाएगा, वहीं उनके साथ हुआ उल्टा। उनकी नौकरी गई, कई जगहों पर तनख्वाह नहीं मिली या कटौती की गई और किराये के घर तक छोड़ने की नौबत आ गई। इस महामारी का दूसरा असर शिक्षा जगत पर भी पड़ा है, उसका तार्किक समाधान कैसे होगा, यह लोगों के लिए समझना मुश्किल हो रहा है। विशेष तौर पर, स्कूली शिक्षा पूरी तरह से बाधित होती दिख रही है। फिर भी, इसमें किए गए वैकल्पिक इंतजामो की वजह से स्कूल भले बंद हों, लेकिन शिक्षा जारी रखने की कोशिश की गई है। | |
| (क) | शिक्षकों ने तकनीक को खुले दिल से क्यों सीखा?<br>(i) ऑनलाइन पढ़ाने की विवशता के कारण (ii) अपने वेतन के कारण<br>(iii) बच्चों के भविष्य की चिंता के कारण (iv) अभिभावकों के भय के कारण | 1 |
| (ख) | निम्नलिखित कथन कारण को ध्यानपूर्वक पढ़िए उसके बाद दिए गए विकल्पों में से कोई एक सही विकल्प चुनकर लिखिए।<br>कथन (A) ऑनलाइन शिक्षा एक चुनौती है।<br>कारण (B) अभिभावकों की रुचि न होना।<br>(i) कथन (A) तथा कारण (R) दोनों सही हैं तथा कारण (R) कथन (A) की सही व्याख्या करता है।<br>(ii) कथन (A) गलत है, किंतु कारण (R) सही है।<br>(iii) कथन (A) तथा कारण (R) दोनों गलत हैं।<br>(iv) कथन (A) सही है, किंतु कारण (R) उसकी गलत व्याख्या करता है। | 1 |
| (ग) | जीवन की सहजता के बाधित होने से आप क्या समझते हैं?<br>(i) जीवन में हलचल उत्पन्न हो जाना (ii) जीवन में संकट उत्पन्न हो जाना<br>(iii) जीवन में संघर्ष का बढ़ जाना (iv) जीवन में आराम न होना | 1 |
| (घ) | महामारी का आर्थिक गतिविधियों पर क्या प्रभाव पड़ा?. | 2 |
| (ङ) | महामारी काल में शिक्षा व्यवस्था को किस प्रकार जारी रखा गया। | 2 |
| 2 | निम्नलिखित पद्यांश को पढकर प्रश्नों के उत्तर दीजिए । | 7 |
| | तेजस्वी सम्मान खोजते नहीं गोत्र बतला के,<br>पाते हैं जग में प्रशस्ति अपना करतब दिखला के। | |

| | | |
|---|---|---|
| | हीन मूल की ओर देख जग गलत कहे या ठीक,<br>वीर खींच कर ही रहते हैं इतिहासों में लीक।<br>जिसके पिता सूर्य थे, माता कुंती सती कुमारी,<br>उसका पलना हुआ धार पर, बहती हुई पिटारी।<br>सूत-वंश में पला, चखा भी नहीं जननी का क्षीर,<br>निकला कर्ण सभी युवकों में, तब भी अद्‌भूत वीर।<br>तन से समरशूर, मन से भावुक, स्वभाव से दानी,<br>जाति-गोत्र का नहीं, शील का, पौरुष का अभिमानी।<br>सान-ध्यान, शस्त्रास्त्र शास्त्र का कर सम्यक् अभ्यास,<br>अपने गुण का किया कर्ण ने, आप स्वयं सुविकास। | |
| (क) | कर्ण किस प्रकार के गुणों से युक्त महारथी थे?<br>(i) जाति-वंश के गुणों से (ii) शील और पौरुष जैसे श्रेष्ठ गुणों से<br>(iii) चाटुकारिता और बनावटीपन से (iv) अहंकार और दर्प से | 1 |
| (ख) | इतिहासों में "लीक खींचने" से कवि का क्या आशय है?<br>(i) वीर पुरुष इतिहास में दरार डाल देते हैं।<br>(ii) वीर पुरुष कभी भी अपने अतीत से नहीं डरते।<br>(iii) वीर पुरुष हमेशा इतिहास में धूमिल हो जाते हैं।<br>(iv) वीर पुरुष अपना नाम इतिहास में लिखवा ही लेते हैं। | 1 |
| (ग) | कविता में कर्ण को तन, मन और स्वभाव से क्रमशः बताया गया है-<br>(i) क्षीण, कृपण और कुटिल (ii) बलिष्ठ, भावुक और कृपण<br>(iii) समरशूर, भावुक और दानी (iv) कायर, भावुक और कृपण | 1 |
| (घ) | पैदा होने पर कर्ण को कैसे पालने में झुलाया गया था? | 2 |
| (ङ) | वीर पुरुष में कौन-कौन से गुण होते है ? | 2 |
| | **खंड-ख (व्यावहारिक व्याकरण)** | **16** |
| 3 | निर्देशानुसार रचना के आधार पर 'वाक्य-भेद' पर आधारित पाँच प्रश्नों में से किन्हीं चार प्रश्नों के उत्तर लिखिए - | (1x4=4) |
| (क) | मिश्र वाक्य किसे कहते है? | 1 |
| (ख) | वे उन सब लोगों से मिले जो मुझे जानते थे, सरल वाक्य में रूपांतरित कीजिए। | 1 |
| (ग) | आनंद चार दिन गाँव में रहा वह सब का प्रिय हो गया, संयुक्त वाक्य में रूपांतरण कीजिए। | 1 |
| (घ) | मूर्ति की आँखों पर एक चश्मा रखा था जो सरकंडे से बना था। वाक्य का भेद पहचान कर लिखिए। | 1 |
| (ङ) | 'जो वीर होते हैं, वे रणभूमि में अपनी वीरता का प्रदर्शन करते हैं। - रेखांकित | 1 |

| | | |
|---|---|---|
| | उपवाक्य का भेद बताइए। | |
| 4 | वाच्य पर आधारित किन्हीं चार प्रश्नों के निर्देशानुसार उत्तर लिखिए - | (1x4=4) |
| (क) | भाव वाच्य किसे कहते हैं? | 1 |
| (ख) | नेताजी ने देश के लिए अपना सब कुछ त्याग दिया। वाक्य में प्रयुक्त वाच्य भेद बताइए\| | 1 |
| (ग) | बालगोबिन भगत 'प्रभातियां' गाते थे। वाक्य को कर्म वाच्य में परिवर्तित कीजिए। | 1 |
| (घ) | आओ! वहाँ बैठें। वाक्य को भाव-वाच्य में परिवर्तित कीजिए। | 1 |
| (ङ) | नवाब साहब द्वारा जेब से चाकू निकाला गया और खीरे छीलने शुरू कर दिए गए। वाक्य में प्रयुक्त वाच्य भेद बताइए। | 1 |
| 5 | निम्नलिखित वाक्य में रेखांकित शब्दों में से किन्हीं चार पदों के सही पद परिचय का उत्तर लिखिए - | (1x4=4) |
| (क) | संसार में **<u>अभिमन्यु</u>** जैसों की कमी नहीं है। रेखांकित पद का परिचय दीजिए। | 1 |
| (ख) | **<u>अचानक</u>** वर्षा होने लगी। रेखांकित पद का परिचय दीजिए। | 1 |
| (ग) | **<u>यह</u>** बालक बहुत मेधावी है। रेखांकित पद का परिचय दीजिए। | 1 |
| (घ) | **<u>रंग-बिरंगे</u>** फूल देखकर मन प्रसन्न हो गया। रेखांकित पद का परिचय दीजिए। | 1 |
| (ङ) | हालदार साहब ने पान **<u>खाया</u>** रेखांकित पद का परिचय दीजिए। | 1 |
| 6 | अलंकार पर आधारित किन्हीं चार प्रश्नों के निर्देशानुसार उत्तर लिखिए। | (1x4=4) |
| (क) | उपमा अलंकार किसे कहते है? | 1 |
| (ख) | कहीं सांस लेते हो, घर -घर भर देते हो, 'पंक्ति में कौन - सा अलंकार है? | 1 |
| (ग) | 'पानी परात को हाथ छूयो नहीं, नैनन के जल सौ पग धोए।' पंक्ति में किस अलंकार का प्रयोग हुआ है। | 1 |
| (घ) | रूपक अलंकार की परिभाषा लिखिए। | 1 |
| (ङ) | कैसे कलुषित प्राण हो गए। मानो मन पाषाण हो गए। पंक्ति में कौन-सा अलंकार है? | 1 |
| 7 | **खंड - ग (पाठ्यपुस्तक एवं पूरक पाठ्य पुस्तक )** | **30** |
| | हालदार साहब की आदत पड़ गई, हर बार कस्बे से गुजरते समय चौराहे पर रुकना, पान खाना और मूर्ति को ध्यान से देखना। एक बार जब कौतूहल दुर्दमनीय हो उठा तो पानवाले से पूछ लिया, क्यों भई! क्या बात है? यह तुम्हारे नेताजी का चश्मा हर बार बदल कैसे जाता है, पानवाले के खुद के मुँह में पान ठुसा हुआ था। वह एक काला मोटा और खुशमिज़ाज़ आदमी था। हालदार साहब का प्रश्न सुनकर वह आँखों-ही-आँखों में हँसा। उसकी तोंद थिरकी। पीछे घूमकर उसने दुकान के नीचे पान थूका और अपनी लाल काली बत्तीसी दिखाकर वो बोला, कैप्टन चश्मेवाला करता है। क्या करता है? हालदार साहब कुछ समझ नहीं पाए। चश्मा | **(5x1=5)** |

| | | |
|---|---|---|
| | चेंज करता है। पानवाले ने समझाया। | |
| (क) | हालदार साहब ने चौराहे पर रुकने की आदत क्यों डाली?<br>(i) उन्हें पानवाले के पान आकर्षित करते थे।<br>(ii) उन्हें पानवाले से बातें करना अच्छा लगता था।<br>(iii) उन्हें चश्मे के बदलते फ्रेम देखने में आनंद आता था।<br>(iv) उन्हें चश्मे के फ्रेम बदलने का कारण जानने की जिज्ञासा थी। | 1 |
| (ख) | गद्यांश में हालदार साहब के लिए 'दुर्दमनीय' शब्द का प्रयोग किया गया है क्योंकि ___<br>(i) उनकी प्रसन्नता बढ़ गई थी।<br>(ii) वे स्वयं पर नियंत्रण कर रहे थे।<br>(iii) वे पानेवाले से प्रश्न करने में हिचकिचा रहे थे।<br>(iv) उनके लिए जिज्ञासा पर नियंत्रण करना कठिन हो गया था\| | 1 |
| (ग) | गद्यांश में पानवाले के ________ और ______ का सजीव वर्णन किया गया है।<br>(i) शारीरिक गठन, भाव-भंगिमाओं (ii) भावनात्मक विचार, सदाचार<br>(iii) मानवीय विचारों, निपुणता (iv) दैनिक अनुभव, स्फूर्ति | 1 |
| (घ) | हालदार साहब को पानेवाले की बात समझ में नहीं आ रही थी क्योंकि –-<br>(i) उन्हें पानवाले की बात पर अविश्वास था।<br>(ii) पानवाला आधा-अधूरा उत्तर दे रहा था।<br>(iii) पानवाले के मुँह में पान ठुंसा हुआ था।<br>(iv) उनके स्वभाव में थोड़ी नासमझी थी। | 1 |
| (ङ) | कथन (I): कैप्टन द्वारा नेताजी का चश्मा बदलना, पानवाले के लिए हास्य का विषय था।<br>कथन (II): चश्मेवाले द्वारा नेताजी को चश्मा पहनाना, देश भक्तों के प्रति सम्मान था।<br>कथन (III): हालदार साहब के लिए चश्मे का बदलना, व्यंग्य का विषय था।<br>उपर्युक्त कथनों के लिए सही विकल्प का चयन कीजिए।<br>(i) कथन (I) सही किंतु (II) और (III) गलत हैं।<br>(ii) कथन (I) गलत किंतु (II) और (III) सही हैं।<br>(iii) कथन (I), (II) सही हैं किंतु (III) गलत है।<br>(iv) कथन (I), (II) और (III) तीनों सही हैं। | 1 |
| 8 | गद्य पाठों के आधार पर निम्नलिखित चार प्रश्नों में से किन्हीं तीन प्रश्नों के उत्तर लगभग 25-30 शब्दों में लिखिए। | (2x3=6) |
| (क) | बाल गोविंद भगत सामाजिक रूढ़ियों से न बंधकर प्रगतिशील विचारों का परिचय | 2 |

| | | |
|---|---|---|
| | देते हैं, बाल गोविंद भगत पाठ के आधार पर समझाइए। | |
| (ख) | महानगरों की फ्लैट संस्कृति और लेखिका मन्नू भंडारी के परंपरागत पड़ोस कल्चर में आपको क्या अंतर दिखाई देता है? विचार करके लिखिए। | 2 |
| (ग) | कैसे कह सकते हैं कि बिस्मिल्लाह खां मिली जुली संस्कृति के प्रतीक थे? नौबतखाने में इबादत पाठ के आधार पर स्पष्ट कीजिए। | 2 |
| (घ) | संस्कृति पाठ में लेखक ने आग व सुई धागे के आविष्कारों से क्या स्पष्ट किया है? | 2 |
| 9 | निम्नलिखित पठित कव्यांश पर आधारित बहुविकल्पीय प्रश्नों के सर्वाधिक उपयुक्त उत्तर वाले विकल्प चुनकर लिखिए :<br>लखन कहा हसि हमरे जाना। सुनहु देव सब धनुष समाना।<br>का छति लाभु जून धनु तोरें। देखा राम नयन के भोरें ॥<br>छुअत टूट रघुपतिहु न दोसू। मुनि बिनु काज करिअ कत रोसू ॥<br>बोले चितै परसु की ओरा ॥ रे सठ सुनेहि सुभाउ न मोरा ॥<br>बालकु बोलि बधौं नहि तोही । केवल मुनि जड़ जानहि मोही ॥<br>बाल ब्रह्मचारी अति कोही । बिस्वबिदित क्षत्रियकुल द्रोही ॥<br>भुजबल भूमि भूप बिनु कीन्ही। बिपुल बार महि देवन्ह दीन्ही ॥<br>सहसबाहुभुज छेदनिहारा। परसु बिलोकु महीप कुमारा ॥ | **(5x1=5)** |
| (क) | सारा संसार महाबाहु परशुराम को ____________ के रूप में जानता है।<br>(i) ऋषि भृगु के शिष्य (ii) क्षत्रियों को बचाने वाले<br>(iii) ऋषि विश्वामित्र के भक्त (iv) क्षत्रियों का संहार करने वाले | 1 |
| (ख) | परशुराम क्रोधित होने पर भी--------की वजह से लक्ष्मण आक्रमण नहीं कर रहे थे।<br>(i) श्रीराम (ii) गुरु विश्वामित्र<br>(iii) लक्ष्मण के क्रोधित होने (iv) लक्ष्मण को बालक समझने | 1 |
| (ग) | कथन (i): परशुराम ने सहस्त्रबाहु को छोड़कर सभी राजाओं का फरसे से वध कर डाला था।<br>कथन (ii): परशुराम ने पृथ्वी को राजाओं से रहित कर दिया था।<br>दिए गए कथनों के लिए सही विकल्प पहचानिए।<br>(i) कथन (i) सही है और कथन (ii) उसका गलत कारण है।<br>(ii) कथन (i) सही है और कथन (ii) उसका सही कारण है।<br>(iii) कथन (i) गलत और कथन (ii) सही है।<br>(iv) कथन (i) और कथन (ii) दोनों सही हैं। | 1 |
| (घ) | लक्ष्मण के अनुसार धनुष तोड़ने में राम का कोई दोष नहीं था क्योंकि ----------?<br>(i) धनुष को चलाने पर वह खुद से टूट गया था। | 1 |

| | | |
|---|---|---|
| | (ii) धनुष तोड़ने के लिए कहा गया था।<br>(iii) धनुष हाथ लगाते ही टूट गया था।<br>(iv) धनुष हमारा ही था। | |
| (ङ) | परशुराम बार-बार लक्ष्मण को फरसा क्यों दिखा रहे थे ?<br>(i) दरबार के दूसरे लोगों को चेतावनी देने के लिए।<br>(ii) अपना क्रोधी इतिहास बताने के लिए।<br>(iii) दरबारियों को वहाँ से भगाने के लिए।<br>(iv) लक्ष्मण को डराने के लिए। | 1 |
| 10 | पद्य पाठों के आधार पर निम्नलिखित चार प्रश्नों में से किन्ही तीन प्रश्नों के उत्तर लगभग 25-30 शब्दों में लिखिए। | (3x2=6) |
| (क) | गोपियाँ योग का संदेश किसे देने को कहती है और क्यों ? उनके मन में कौन बसा है ? पद के आधार पर उत्तर दीजिए। | 2 |
| (ख) | आत्मकथा लिखने के लिए किन गुणों की आवश्यकता होती है? कवि के लिए यह कार्य कठिन क्यों था? सोचकर लिखिए। | 2 |
| (ग) | यह दंतुरित मुस्कान कविता में  “बांस” और “बबुल” किसके प्रतीक बताए गए हैं? इन पर शिशु की मुस्कान का क्या असर होता है? | 2 |
| (घ) | संगतकार किस तरह से मुख्य गायक की सहायता करता है? आप अपना संगतकार किसे मानते है? | 2 |
| 11 | पूरक पाठ्यपुस्तक के पाठों पर आधारित निम्नलिखित तीन प्रश्नों में से किन्ही दो प्रश्नों के उत्तर लगभग 50-60 शब्दों में लिखिए। | (4x2=8) |
| (क) | ‘माता का अंचल’  पाठ के आधार पर बताइए कि तत्कालीन व वर्तमान समय में बच्चों की खेल-सामग्रियों में क्या परिवर्तन आए हैं ? बच्चों के खेलों में हुए परिवर्तनों का उनके मूल्यों पर कितना प्रभाव पड़ा है? | 4 |
| (ख) | 'साना-साना हाथ जोडि' पाठ के आधार पर लिखिए कि देश की सीमा पर सैनिक किस प्रकार की कठिनाइयों से जूझते हैं? उनके प्रति भारतीय युवकों का या एक विद्यार्थी के रूप में आपका क्या उत्तरदायित्व होना चाहिए? | 4 |
| (ग) | अपने परिवेश के आधार पर विज्ञान के सकारात्मक तथा नकारात्मक रूपों का संक्षिप्त वर्णन कीजिए तथा “मैं क्यों लिखता हूँ" पाठ के आधार पर बताइए कि व्यक्ति को वैज्ञानिक उपकरणों के विषय में क्या सोच रखनी जरूरी है? | 4 |
| | **खंड - घ (रचनात्मक लेखन)** | **20** |
| 12 | निम्नलिखित तीन  विषयों में से किसी एक विषय पर दिए गए संकेत बिंदु के आधार पर लगभग 120 शब्दों में सारगर्भित अनुच्छेद  लेखन कीजिए - | **(**1x6=6) |

| | | |
|---|---|---|
| | (क) **ऑनलाइन खरीददारी : समय की माँग**<br>संकेत बिंदु -- ऑनलाइन खरीददारी से अभिप्राय<br>- बदलते समय की आवश्यकता<br>- खरीददारी करते समय संयम की आवश्यकता<br>- खरीददारी के समय सावधानियाँ<br>(ख) **एक भारत, श्रेष्ठ भारत**<br>- योजना का प्रारंभ तथा उद्देश्य।<br>- ऐसी योजनाओं की आवश्यकता क्यों ? संस्कृति संरक्षण के लिए कितना आवश्यक?<br>- विद्यालयों में इस कार्य रूप में कैसे लाया गया ?<br>(ग) **खेल और स्वास्थ्य**<br>- खेलों की उपयोगिता<br>- खेल और स्वास्थ्य का संबंध<br>- हमारा कर्त्तव्य | |
| 13 | (क) आप तनुजा/तनुज है, छात्रावास में रहनेवाले अपने छोटे भाई को नियमित प्रातः भ्रमण व योग प्राणायाम के फायदे बताते हुए लगभग 100 शब्दों में पत्र लिखिए।<br>**अथवा**<br>(ख) किसी प्रसिद्ध समाचार पत्र के संपादक को 100 शब्दों में पत्र लिखिए, जिसमें बढ़ती ट्रैफिक व्यवस्था के बारे में जनता और प्रशासन को उनके दायित्व का निर्वाह करने के लिए प्रेरित किया गया हो। | (1x5=5) |
| 14 | (क) आप रेखा/रमन है आप शारीरिक शिक्षा विज्ञान में स्नातक परीक्षा पास कर चुके हैं। साथ ही आपने अकादमी से क्रिकेट में एक वर्षीय प्रशिक्षण भी प्राप्त किया है, आप केंद्रीय विद्यालय, दिल्ली में क्रिकेट कोच के रिक्त पद के लिए लगभग 80 शब्दों में अपना आवेदन स्ववृत्त के साथ प्रस्तुत कीजिए।<br>**अथवा**<br>(ख) आप रमेश/राखी हैं। ई-मेल द्वारा बैंक प्रबंधक को अपनी पासबुक खोने की सूचना लगभग 80 शब्दों में दीजिए। | **(**1x5=5**)** |
| 15 | (क) पर्यावरण विभाग की ओर से जल संरक्षण का आग्रह करते हुए लगभग 40 शब्दों में एक विज्ञापन तैयार कीजिए। **अथवा**<br>(ख) अपने मित्र को विदेश जाकर उच्च शिक्षा हेतु मिली छात्रवृति के लिए एक बधाई तथा शुभकामना देते हुए लगभग 40 शब्दों में एक संदेश लिखिए। | **(**1x4=4**)** |